संख्या-47/**2026/**I/1282640/2026/**001-71-2099-623-2021**

प्रेषक,

ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक-29-03-2026

विषय:-वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्थान के न्यू ब्लाक में एडवान्स न्यूरो साइन्सेज सेन्टर की स्थापना हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

----------------------

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4066/डा0रा0म0लो0आ0सं0/2026/सि0-3, दिनांक 25 मार्च, 2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर के न्यू ब्लाक में निर्माणाधीन एडवांस न्यूरो साइंसेज सेन्टर के स्थापना कार्य पूर्ण करते हुए परियोजना की अवशेष 05 प्रतिशत की धनराशि रू0 171.33 लाख एवं जी0एस0टी0 अन्तर की धनराशि रू0 8.04 लाख अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक 07 जून, 2021 द्वारा प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि रू0 856.59 लाख, शासनादेश दिनांक 23.06.2022 द्वारा रू0 856.60 लाख, शासनादेश दिनांक 06 फरवरी, 2023 द्वारा धनराशि रू0 856.59 लाख तथा शासनादेश दिनांक 05 सितम्बर, 2023 द्वारा धनराशि राशि रू0 रू0 685.28 लाख अवमुक्त की गयी है। अत: उक्त परियोजना हेतु रू0 3255.06 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संस्थान के डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर के न्यू ब्लाक में निर्माणाधीन एडवांस न्यूरो साइंसेज सेन्टर के स्थापना कार्य पूर्ण करते हुए परियोजना की अवशेष 05 प्रतिशत की धनराशि रू0 171.33 लाख एवं जी0एस0टी0 अन्तर की धनराशि रू0 8.04 लाख अवमुक्त वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्थान के वृहद निर्माण कार्य हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष 05 प्रतिशत की अवशेष धनराशि रू0 171.33 लाख तथा जी0एस0टी0 अन्तर की धनराशि रू0 8.04 लाख, कुल धनराशि रू0 179.37 लाख (रुपये एक करोड़ उनासी लाख सैंतीस हजार मात्र) (अनुदान संख्या-31 से रू0 141.71 एवं अनुदान संख्या-83 से धनराशि रू0 37.66 लाख) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों</u>

1. प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु निर्गत की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जाएगा।
2. अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार किया जायेगा। स्वीकृति धनराशि को आहरित कर बैंक खाते/डाकघर आदि में नहीं रखा जायेगा।
3. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत प्राक्कलन में निर्धारित विशिष्टयों के अनुरूप समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तावित समस्त कार्यो की गुणवत्ता व आडिट की जिम्मेदारी कार्य कराने वाले संस्था की होगी।
4. अवमुक्त जी0एस0टी0 की धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
5. संस्थान के वित्त नियन्त्रक द्वारा जी0एस0टी0 मद में व्यय की गयी धनराशि से संबंधित चालानों तथा आंकड़ो का पुनः मिलान कर लिया जायेगा तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जी0एस0टी0 मद में वास्तविक भुगतान की गयी धनराशि की सीमा तक ही कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त किया जाये।
6. कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियाँ सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण दायित्व निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ का होगा।
7. प्रश्नगत कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को प्रत्येक माह अवगत कराते हुए यथासमय कार्यदायी संस्था/संस्थान द्वारा सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन/महालेखाकार को उपलब्ध कराया जायेगा।
8. आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन अनुमन्य होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जाएगा।
9. कार्यदायी संस्था को तीन-तीन माह की आवश्यकता के अनुसार धनराशि अवमुक्त की जायेगी। निदेशक संस्थान/वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि को कोषागार से आहरण कर तीन-तीन माह की आवश्यकतानुसार ही किया जाए।
10. शासनादेश संख्या-56/2021/1/68365/2021/71-2099/623/2021, दिनांक 07 जून, 2021 में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
11. वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-35/दस-2025-231 /2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अनुपालन का दायित्व/वित्त नियंत्रक/निदेशक, संस्थान का होगा।
12. धनराशि को कोषागार से वित्त नियंत्रक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,41,71,000 (रुपये एक करोड़ इकतालीस लाख इकहत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4210031050400 डा.राममनोहर लोहिया इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, गोमती नगर, लखनऊ मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 37,66,000 (रुपये सैंतीस लाख छियासठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 4210037892800 डा0 राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक-27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

संख्या-47/**2026/**I/1282640/2026/**001-71-2099-623-2021**,तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन, लखनऊ।
5. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।
6. नोडल अधिकारी, बजट आवंटन चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. वित्त अधिकारी, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
8. प्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमि0, लखनऊ।
9. वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।